तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024



13 सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, आधुनिक...



12 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं ...



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## आस्था : नवागढ़ के गोंड़ वंश के राजा नरवर साय ने करवाया था मंदिर का निर्माण

# आस्था और आराधना का केंद्र है नवागढ़ स्थित मां महामाया का ऐतिहासिक मन्दिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख नाम नवागढ़ स्थित माँ महामाया शारदा मन्दिर का है, जिससे नवागढ़ सहित क्षेत्रभर के लोगों की आस्थाएँ जुड़ी हुई हैं। प्राचीन काल में स्थापित माँ महामाया का मंदिर धीरे-धीरे अब तीर्थ का रूप ले चुका है। प्रतिवर्ष शारदीय एवं चैत्र नवरात्रि में हजारों की संख्या में लोग दर्शन के लिए आते हैं।

प्रचलित मान्यता के अनुसार माँ महामाया मन्दिर की स्थापना नवागढ़ गोंड़ वंश के राजा नरवर साय ने की थी, जिनके नाम पर पूर्व में नवागढ़ को नरवर गढ़ के रूप में जाना जाता था। इतिहास के जानकार बताते हैं कि राजा नरवर साय शक्ति के उपासक थे। उन्होंने अपने किले के भीतर मां महामाई की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज उनकी धार्मिक आस्था के रूप में नवागढ़ क्षेत्र के मुख्य शक्ति आराधना केन्द्र है।

मान्यता है कि जो यहां महामाई देवी की मूर्ति है, वह बहुत ही सिद्ध एवं जागृत मूर्ति है। प्राचीन काल में ग्राम के कई पंडे पुजारियों एवं भक्तों को इनके साक्षात्कार का अनुभव भी प्राप्त हुआ है। मां महामाई वरदानसिद्ध मनोकामना शीघ्र पूर्ण करने वाली है। राजा के कार्यकाल में विशुद्ध घी की ही ज्योति जलाने की प्रथा थी, लेकिन धीरे-धीरे अभावों में तेल ज्योति भी प्रारंभ हुई। कहा जाता है कि कलचुरी राजाओं की कुलदेवी मां महामाया देवी जी थीं, अतः तांत्रिक विद्या के लिए इन्हें सर्वप्रथम स्थापित किया गया था।



### प्रचलित है जीर्णोद्धार से संधित कहानी

इस मंदिर का जीर्णोद्धार अब तक 25 बार हो चुका है। 25वां जीर्णोद्धार का कार्य सन 1964 में कराया गया। नवागढ़ के महामाया की पूर्ति के बारे में कहा जाता है, जब मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ तो स्थापित मूर्ति को उस स्थान से नहीं हटाना था, चूंकि मंदिर की दीवार ढहने के कारण प्राचीन मूर्ति क्षतिग्रस्त ना हो, इस उद्देश्य से ग्राम के आचार्यों से विचार विमर्श कर मंदिर के निर्माण होते तक मूर्ति को तालाब के किनारे पीपल वृक्ष के नीचे रख दिया गया। मंदिर के जीर्णोद्वार के बाद पुनः मां महामाया की मूर्ति को मंदिर में पुनः प्रतिस्थापित करने के लिए उठाने का जब प्रयास किया गया, तो मूर्ति हिली तक नहीं। तब गांव के देवी भक्त लोग पूजा-अर्चना अनुष्ठान से देवी जी का मान मनव्वल कर क्षमाप्रार्थी बन मां से प्रार्थना करने पर मूर्ति पुनः हल्की हो गयी। उसके बाद मां की कृपा से ही पुनः अपने प्राचीन जीर्णोद्धार हुए मंदिर में स्थापित हो गईं, जो आज भी हैं। इस तरह से मां महामाई ग्राम नवागढ़ का आस्था का केन्द्र है।

### पुराणों में है नवागढ़ की महामाया का उल्लेख

मुख्य मंदिर के निकट माँ दुर्गा, गायत्री एवं शीतला माता सहित अन्य देवी देवताओं की मंदिर स्थापित है। मां महामाया देवी का उल्लेख श्री दुर्गा सप्तशती नामक पुराण में मिलता है। नवरात्रि में समान रूप से महामाया, दुर्गा तथा कन्या पूजन का विशेष महत्व मनाते हैं तथा सैकड़ों ज्योति-कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं।

### शारदा मन्दिर का निर्माण भी ऐतिहासिक घटना

सन 1973-74 में यहाँ एक विशाल टीला (टापू) था। शारदीय नवरात्रि का समय था, कि एक भक्त विष्णु प्रसाद मिश्रा के अंदर मां शारदा की शक्ति आती थी। तब दिनांक क्वार सुदी एकादशी, 13 जनवरी 1973 को वे अभी जहाँ माँ शारदा की मूर्ति विराजमान है, वहाँ पर बैठ गए। तब ग्रामवासियों ने सलाह मशविरा कर चंदा वसूली कर रुपए इकट्ठा किया और आपसी सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया। आज मां शारदा का मंदिर आस्था और उपासना का केन्द्र है। दोनों पर्वों में भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है । ऐसा कहा जाता है जिस स्थान पर मां शारदा का मंदिर बना है, मूर्ति विराजमान है, वहां लगभग सामान्य धरातल से 200 फीट का ऊंचा टीला था। वह टीला राजा नरवर साय का मार्ग दर्शक था। उस टीले के ऊपर 200 फीट ऊंचा सीढ़ीनुमा एक चबूतरा था। विशेष परिस्थितियों में उस चबूतरे पर चढ़कर राजा चारों दिशाओं में 15 मील की दूरी तक के देख सकते थे। जहां राजा के विशेष सैनिक बैठ कर पहरा देते हुए रक्षा करते थे। इस प्रकार से उक्त टीला किले की रक्षा के लिए बना हुआ था।

### पर्यटन विभाग से हुआ काम

महामाया एवं शारदा मन्दिर परिसर को पर्यटन स्थल घोषित किया गया है। उसके बाद मंदिर को भव्यता देने के लिए 3 करोड़ की लागत से मन्दिर का नया स्वरूप मिला है। विशाल डोम, गार्डन, तालाब सौंदर्यीकरण इसकी सुंदरता को बड़ा रहे हैं।

### चैत्र नवरात्रि में होता है महोत्सव

उक्त पर्यटन स्थल की देखभाल का बीड़ा श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति ने उठाया है। समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटन समिति के अध्यक्ष विकास दीवान के नेतृत्व में शारदीय नवरात्र में अष्टमी को मन्दिर के सामने मानाबन तालाब में साल दर साल हुए महाआरती का वृहद रूप पूरे प्रदेश में चर्चाओं में रहा है। जहां लगभग नगर की हजारों महिलाएं एक साथ तालाब के चारों ओर खड़ी होकर एक साथ गंगा आरती करती हैं, जो नवागढ़ के अद्भुत दृश्यों में गिना जाता है।

### प्रत्येक दशहरा पर महिषासुर वध देखने पहुंचते हैं हजारों लोग

महामाया मन्दिर के सामने मनाबन तालाब के किनारे पुराने समय से प्रत्येक वर्ष महिषासुर वध का कार्यक्रम होता है। जहाँ माँ काली की झांकी निकलती है, जो महामाया मन्दिर होते हुए मानाबन तालाब के किनारे काली मां और महिषासुर के बीच द्वंद्व युद्ध होता है, जिसे देखने तालाब के चारों ओर हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### मरीज से मारपीट की शिकायत पर हटाए गए डॉ नायक

**बेभेतरा/थान खम्हरिया।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीती 28 सितंबर शनिवार को एक मरीज के साथ डॉक्टर अजित कुमार नायक द्वारा की गई कथित मारपीट की घटना के बाद सीएचएमओ ने घटना को गंभीरता से लेते हुए उन्हें थान खम्हरिया से हटाकर जिला चिकित्सालय में अटैच कर दिया है। उक्त घटना को लेकर ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाना घेराव तक कर दिया था। उसके बाद पीड़ित कृष्णा कुमार पटेल की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबध्द किया था। नगर में इस तरह की पहली घटना थी, जब किसी मरीज के साथ डॉक्टर ने दुर्व्यवहार किया हो। हालांकि डाक्टर अजीत कुमार नायक ने भी मरीज पर शराब के नशे में धुत होने तथा उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने एफआईआर दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत किया है, जिस पर थाना प्रभारी राजकुमार साहू द्वारा विवेचना की जा रही है।

### शराब की अवैध बिक्री करते युवक पकड़ाया

**बालोद।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम निपानी में शराब की अवैध बिक्री करते एक युवक को 17 नग देशी पौवा के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम निपानी में काफी लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की शिकायत सामने आ रही थी। शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम निपानी में चौक के पास एक होटल पहुंची, जहां गांव के ही अजय बंजारे नामक युवक को 17 नग देशी पौवा के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया था, जिसके कारण शराब दुकाने बंद रहीं। बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम निपानी, जगन्नाथपुर, मालीघोरी क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हुई। कोचियों ने 200 रुपए प्रति पौवा की दर से शराब बेची।

# एथेनाल प्लांट बंद कराने आज मुंडन कराएंगे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पथर्रा में विरोध प्रदर्शन जारी
- आंदोलनकारी किसान ने फैक्ट्री बंद करने पर फैक्ट्री मालिक को एक एकड़ भूमि दान करने की घोषणा की

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट को बंद कराने की जिद पर अड़े ग्रामीणों व किसानों का धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। इसके साथ ही आंदोलन और भी आक्रामक होता जा रहा है। इसके तहत आज गुरुवार को ग्रामीण सिर मुड़ाएंगे। बुधवार को धरना प्रदर्शन से पहले महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया और राष्ट्र गान कर उनकी जयंती मनाई गई। प्रदर्शन के दौरान ग्राम बसनी के किसान अजिताभ मिश्रा ने उद्योग पति को प्लांट बंद करने की स्थिति में एथेनाल प्लांट के मालिक को मुआवजा स्वरूप एक एकड़ जमीन दान करने की घोषणा की। बता दें कि एथेनाल प्लांट को बंद करने के लिए धरना प्रदर्शन स्थल पर रोज नए अंदाज में प्रदर्शन किया जा रहा है। गांधी जयंती के अवसर पर पद्मश्री पुरस्कार जेवरा से राकेश तिवारी, उदय भासकार, नदी बचाओ आंदोलन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### धरनास्थल पर स्थापित की जाएगी मां दुर्गा की प्रतिमा

आंदोलनकारियों ने बताया कि धरना स्थल के पास ही समस्त क्षेत्र के किसानों ने विशाल दुर्गा विराजमान स्थापित करने का निर्णय लिया। इस बार नवरात्रि पर्व इसी धरना स्थल की जगह पर मनाने का फैसला लिया गया। साथ ही बुराई पर अच्छाई का प्रतीक विजय दशमी का त्योहार धरना स्थल पर ही मानने का निर्णय भी लिया गया। प्रतीकात्मक रूप से प्लांट और शासन-प्रशासन का पुतला दहन किया जाएगा।

# सिविल सर्जन डॉ चुरेंद्र सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ ध्रुव ने लिया प्रभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला चिकित्सालय बेमेतरा के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ संत राम चुरेंद्र 30 सितंबर को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का प्रभार सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने लिया। अब डॉ ध्रुव सीएमएचओ बेमेतरा के साथ सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की भी जिम्मेदारी निभाएंगे।

डॉ चुरेंद्र के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। सीएमएचओ डॉ ध्रुव ने उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ में सीएमएचओ ऑफिस, सिविल सर्जन ऑफिस के अधिकारी कर्मचारी, सभी चिकित्सा सेवा से जुड़े डॉक्टर, चिकित्सकीय स्टाफ लोगों ने उनको भावपूर्ण विदाई दी। डॉ संतराम चुरेंद्र का कार्यकाल जिला चिकित्सालय में महत्वपूर्ण रहा। उनके कार्यकाल में जिला चिकित्सालय के एमसीएच बिल्डिंग में डायलिसिस, पोषण पुनर्वास केंद्र, एसएनसीयू यूनिट सुचारू रूप से संचालित है, जिन पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। साथ में लेबर वार्ड सुरक्षित प्रसव हेतु सुचारू रूप से संचालित है, जिला चिकित्सालय में एक्सरे,सोनोग्राफी,लेबोरेट्री,ईसीजी, का लाभ निःशुल्क मिल रहा है डॉ चुरेन्द्र अपने कार्यकाल में पर्यावरण प्रेमी होने के नाते चिकित्सालय परिसर में सुंदर गार्डन का निर्माण भी किया है, जिनका लाभ आगंतुकों को लेते देखा जा सकता है। स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने वाले ओपीडी, आईपीडी में संख्या बढ़ी हुई है यही डॉ चुरेंद्र का ▶▶| शेष पेज 13 पर

# छोटी यात्री बस संचालकों ने मुख्यमंत्री को बताई समस्या




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- समस्याओं के साथ ही उनके निराकरण के लिए दिए सुझाव

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री से छोटी यात्री बस चलाने वालों ने वाहन संचालन में होने वाले परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने समस्या के समाधान की मांग की। वाहन संचालकों ने बताया कि छोटे बस संचालकों को वाहन चलाने में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण वाहन चलाना बड़ा मुश्किल हो गया है।

वाहन संचालकों ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सभी वाहनों में वीएलटीडी जीपीएस सिस्टम सभी गाड़ियों में लगाने के लिए अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि केंद्र द्वारा 2019 के पहले की गाड़ियों को छूट दी गई है और 2019 की गाड़ियों के बाद में लगाने के अनिवार्य किया गया है। किंतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी गाड़ियों को अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि बहुत बड़ी समस्या है। यह जीपीएस और वीएलटी डी बेचने वाले लोग शराब के जैसा सिंडिकेट बना लिया है और 6000 के समान को 13500 में पूरे छत्तीसगढ़ में बेच रहे हैं। सभी सिंडिकेट बनाकर रेट में कोई भी गुंजाइश नहीं कर रहे हैं। इसलिए से निवेदन है 2019 के पहले की गाड़ियों को इस सिस्टम से छूट दी जाए और 2019 से गाड़ियों को अनिवार्य किया जाए व साथ ही उनके रेट में संशोधन कराया जाए।

इसी तरह छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा इलेक्ट्रिक सिटी बस चलाने की योजना जो तय की जा रही है, उसका दिल से स्वागत करते हैं बहुत अच्छी बात है कि दूसरे जगह के जैसे यहां पर भी यह सुविधा पब्लिक को मिलनी चाहिए। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## विभाग के जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं देने से लोगों को हो रही परेशानी

# दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर स्पीडब्रेकर खराब, बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से लगाये गए स्पीडब्रेकर फिलहाल लगातार वाहनों के दबाव एवं मौसम की अनियमितता के कारण टूटकर उखड़ चुके हैं। किन्तु आज महीनों बीत जाने के बाद इस सड़क के सम्बन्धित अफसरों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इसके फलस्वरूप सड़कों पर हादसों की आशंका बढ़ गई है।

दरअसल स्टेट हाइवे सहित अन्य कई सड़कों पर सघन बस्तियों एवं चौक के समीप आवाजाही की उपयोगिता को ध्यान में रखकर कई ग्रामीण व नगरीय इलाकों में वाहनों की बेलगाम रफ्तार को कम करने के लिए गतिवधोरक अथवा स्पीडब्रेकर शासन-प्रशासन द्वारा बनाए जाते हैं, ताकि ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर वाहनों की गति नियंत्रित रहे और दुर्घटनाओं में कमी आए। किन्तु प्रशासन द्वारा सड़कों पर स्पीडब्रेकर तो लगा दिया जाता है, किन्तु समय समय पर उसकी मरम्मत एवं देखरेख नहीं की जाती। इससे गति अवधोरक खराब हो जाते हैं। इसका ताज़ा नज़ारा नगर देवकर व देवरबीजा सहित अन्य ग्रामीण परिवेशों में स्पष्ट देखने को मिल रहा है। जहाँ स्टेट हाइवे पर देवकर के समीप दुर्घटना सम्भावित जगहों पर लगाये प्लास्टिक स्पीडब्रेकर टूटकर उखड़े महीनों हो चुका है, जबकि देवरबीजा में डामरीकृत स्पीडब्रेकर भी खराब होकर अमानक बन चुका है। परंतु विभाग द्वारा इस पुनः लगाने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण यहां दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।



### हथमुड़ी में ग्रामीणों ने खुद बनाया ब्रेकर, विरोध के बाद तोड़ा

इसके अलावा दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर ही मुख्यालय से सटे ग्राम हथमुड़ी में बढ़ते एक्सीडेंट से परेशान एवं आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा कांक्रीट का अमानक गति अवरोधक तैयार किया गया था, जिसे बाद में विरोध होने पर उसे आधा अधूरा तोड़ दिया गया है, जिससे उक्त जगह पर सड़क की स्थिति बदल चुकी है, लेकिन स्टेट हाइवे से जुड़े जिम्मेदार ऑफिसर द्वारा सड़क मार्ग की बराबर मॉनिटरिंग एवं जरूरत के अनुसार कार्य नहीं कराई जाती है। लिहाजा स्टेट हाइवे पर गुजरना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे अर्जुंदा के तीन बच्चे

**बालोद।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालोद जिले के नगर अर्जुंदा से तीन बच्चों का चयन हुआ है। 23 से 26 सितंबर को हुई ओपन वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले से एकमात्र खिलाड़ी चंचल रावटे पिता सुरेश रावटे ग्राम बोरगाहन अर्जुंदा से चयन हुआ है। वहीं, रोहन एवं अंजलि का दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बच्चों के कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता हिमांचल प्रदेश के नागरोटा में 6 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगी। जिसमें बालोद जिले की एकमात्र खिलाड़ी चंचल जो ओपन नेशनल में 40 किलोग्राम भाग वर्ग में प्रतिनिधित्व करेंगी।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### साईंनाथ वार्षिकोत्सव में डॉ. हिमांशु द्विवेदी को आमंत्रण



**रायपुर।** श्री सतबहनिया साईं मंदिर के सोलहवें महोत्सव में हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को शामिल होने का विशेष आमंत्रण समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद गोवर्धन शर्मा ने मंगलवार को दिया है। 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के मौके पर उत्साह के साथ साईं नाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन प्रातः साईं बाबा का दुग्धाभिषेक, छोटी आरती व मध्यान्ह आरती की जाएगी। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। डॉ. द्विवेदी को वार्षिकोत्सव के मौके पर आमंत्रण मंदिर समिति के अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा, विक्रांत शर्मा, कुनाल भोजक, शुभम छत्रि, अतुल ने सम्मान के साथ प्रदान किया।

### न्याय यात्रा खरोरा पहुंची भावेश ने किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा चौथे दिन मंगलवार को खरोरा पहुंची। जहां यात्रा में चल रहे सभी न्याय यात्रियों का भव्य स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष भावेश बघेल ने खरोरा गार्डन मोड़ के पास किया और प्रदेश अध्यक्ष को नागर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट दिया। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार है, जो की 9 महीने में ही निकम्मी सरकार होने का खिताब अर्जित कर चुकी है, इस साय सरकार में न तो कानून व्यवस्था ठीक है और न ही इस सरकार का काम करने का तरीका। चुनाव से पहले जनता को जो लुभावने वादे बीजेपी ने किए, वो सारे वादे सरकार बनते ही विलुप्त हो गए हैं। भाजपा सरकार के विरोध में इस पदयात्रा का अहम उद्देश्य प्रदेश के फैली अराजकता को दूर करना और सामाजिक समरसता को स्थापित करना है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, राजू यादव, प्रशांत गोस्वामी एवं धरसीवा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पीएससी 15 से लेगा साक्षात्कार

रायपुर। राज्य मुख्य सेवा परीक्षा 2023 की मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम जारी किए जाने के बाद पीएससी द्वारा साक्षात्कार तिथि भी जारी कर दी गई है। पीएससी 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक साक्षात्कार लेगा। 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। 703 परीक्षार्थियों का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया है।

### रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 ने कराई जांच

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ रायपुर वेस्ट और रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, बालाजी हॉस्पिटल मोवा के साथ रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में सभी के प्रयास से 90 यूनिट रक्तदान किया गया और तकरीबन 500 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस अवसर पर 18 वरिष्ठ लोगों का सम्मान भी किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा, रविवि के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, आईजी ट्रैफिक पुलिस संजय मिश्रा के अलावा प्रवीण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### चलते ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** चलती ट्रक में अचानक आग लगने से ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रसमडा औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहे ट्रक आरजे 47 जीए 5398 का टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना पर टीम मौके पर पहुची और ट्रक में लगी आग को बुझाने आपदा प्रबंधन की टीम रवाना हुई।

# पिछड़ा वर्ग आयोग को मिला 90 प्रतिशत ओबीसी डाटा, 15 दिनों में हो सकती है आरक्षण की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट अगले 15 दिनों में सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। इससे पहले आयोग ने कलेक्टरों से सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट से संबंधित करीब 90 प्रतिशत डाटा आयोग को मिल चुका है। राज्य के स्थानीय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा सरकार को देने के लिए गठित आयोग ने ओबीसी सर्वे के संबंध में 54 बिंदुओं के आधार पर जानकारी जुटाने की तैयारी की थी। लेकिन इस काम में संभावित देरी के मद्देनजर आयोग ने राज्य के कलेक्टरों से कहा था कि कुछ चुनिंदा बिंदुओं के आधार पर अंतरिम रिपोर्ट देने कहा था। इस संबंध में 90 प्रतिशत संख्यात्मक जानकारी मिल चुकी है।

## राज्यभर के जिलों से आयोग को मिली अंतरिम रिपोर्ट

### अब आयोग करेगा ये काम

आयोग के सूत्रों की मानें तो अंतरिम रिपोर्ट का डाटा मिलने के बाद अब आयोग का काम आसान हो गया है। आयोग को इस रिपोर्ट में यह जानकारी चाहिए थी कि हर नगरीय निकाय और पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ओबीसी परिवारों की संख्या कितनी है और एक परिवार में कितने लोग रहते हैं। यह जानकारी मिलने के बाद अब सूत्रों का कहना है कि अगले 15 दिनों में आयोग राज्य सरकार को ओबीसी आरक्षण के बारे में अपनी अनुशंसा रिपोर्ट देगा। इसके बाद सरकार इस रिपोर्ट की अनुशंसा पर विचार करेगी।



सरकार को दी जाएगी अनुशंसा, फिर देंगे आरक्षण

### निकायों में अध्यक्षों का भी होगा आरक्षण

बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा। खास बात ये है कि आयोग को भी 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण के भीतर ही तय करना है। ऐसे में एससी या एसटी बहुल क्षेत्र में भी अगर किसी वार्ड या निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की बहुलता है तो वह क्षेत्र ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

***राज्य में ओबीसी की 95 जातियां***

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय में 95 जातियां शामिल है। इनमें हिंदुओं के अलावा मुस्लिम समुदाय के ओबीसी भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भी क्वांटीफायएबल डाटा आयोग का गठन कर ओबीसी की सर्वे कराया था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश की न ही इसे सार्वजनिक किया गया है।

**अपराधों में बढ़ोत्तरी:** फ्लिपकार्ट और अमेजन से हो रही खरीदी

# ऑनलाइन हथियार खरीदने वालों कर लो तौबा, अब जमानत भी होगी निरस्त

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस बड़ा अभियान का शुरुआत कर रही है। इसके लिए ऑनलाइन हथियार बेचने वाले शॉपिंग मॉल से तीन माह का डिटेल खंगाल रही है। इसमें जिस भी अपराधियों का डिटेल मिलेगा पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर हथियार जब्त करने वाली है। इसके अलावा ऐसे हिस्ट्रीशीटर, अपराधी जिसका पुलिस रिकार्ड है या फिर कोर्ट से जमानत में छुटा होगा पुलिस अब उसके जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराने का प्लान तैयार किया है। इससे जिले में अपराधों में कमी आएगी साथ ही अपराधियों में खौफ भी होगा। पुलिस के इस बड़े अभियान को लेकर अपराधियों तक को इसकी जानकारी नहीं है। इसे लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सभी थानेदारों को हिदायत दिया है कि चाकू, कटरबाजी और अवैध हथियार रखने वालों का लिस्टिंग कर उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई करते रहें। बढ़ते अपराध को रोकने के लिए पुलिस का यह अभियान लगातार चलते रहेगा। हाल में छावनी, खुर्सीपार, दुर्ग कोतवाली, सुपेला समेत कई थानों क्षेत्र में इस तरह की वारदाते हो चुकी है। इसके चलते पुलिस ने इस तरह के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए बड़ा प्रयास शुरु किया है।

### इंस्टाग्राम पर हथियार की बढ़ रही है डिमांड

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में लगातार हथियार की खरीद फरोख्त का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। अपराधी इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन हथियार की डिमांड होने पर ही छत्तीसगढ़ के बाहर से हथियार की सप्लाई यहां की जा रही है। इसमें सबसे अधिक पुराने अपराधी शामिल है जो जमानत पर छूटकर भिलाई-दुर्ग में रुपए पैसे कमा रहें है। पूर्व अवैध हथियार खरीदी मामलों में पुलिस ने कई अपराधियों को पकड़ा है। उन्होने भी मंगेर से हथियार की सप्लाई होना स्वीकार किया था। लेकिन अपराधियों ने पुलिस के डर से हथियार खरीदने का ट्रेंड बदलकर ऑनलाइन मंगाकर शहर में बेखौफ तरीके से बेचा जा रहा है। हथियार को सोशल मीडिया में अपलोड कर कस्टमर खोज रहें है।

### छह माह में 41 चाकूबाजी





| | |
|---|---|
| जनवरी | 7 |
| फरवरी | 2 |
| मार्च | 2 |
| अप्रैल | 5 |
| मई | 6 |
| जून | 10 |
| जुलाई | 3 |
| अगस्त | 6 |

#### अब तक के मामले

**केस 1**

वैशाली नगर थाना क्षेत्र में मंदिर परिसर से युवक गुजर रहा था। इस दौरना आधा दर्जन युवको ने उस पर कटर से हमला कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसी कैमरा खंगाल कर आरोपी युवको को गिरफ्तार कर उनका जुलुस निकाला था।

**केस 2**

छावनी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो सगे भाई प्रतीक और अश्वनी वासनिक पर चाकू से हमला हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवको का जुलूस निकालकर पकड़ कर जेल भेजा गया।

### फ्लिपकार्ट, अमेज़न से तीन माह का डाटा

पुलिस ने बताया कि अवैध रूप से ऑनलाइन हथियार मंगवाने वाले अपराधी अब फ्लिपकार्ट, अमेज़न की ओर अपना रूख कर लिए है। जिसे लेकर पुलिस अपराधियों का तीन माह का रिकार्ड खंगाल रही है।

### ट्विनसिटी में मुंगेर से हथियारों की सप्लाई

खबरों के मुताबिक हथियारों की मंडी कहा जाना वाला राज्य बिहार का मुंगेर में अब हाईटेक हो गया है। कोरोना काल के बाद जिस प्रकार पूरा का पूरा बाजार ऑनलाइन मार्केटिंग पे टिक गया जहां आप कपड़े से ले कर आभूषण और इलेक्ट्रिक सामान के साथ घर के सब्जी तक ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से मंगाने लगे हैं। वैसे ही हथियारों की इस मंडी में भी डिलिवरी का कंसेप्ट बदल गया है। अब मुंगेर के अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री ऑनलाइन मोड में ज्यादा हो रही है। इसी को लेकर जिले के अपराधी बेखौफ तरीके से नशे की हालत में कटर, चाकू, तलवार जैसे बड़े हथियार का उपयोग कर घटना को अंजाम दे रहें है।

**नकेल कसने की तैयारी**



अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान की शुरुआत की है। चाकू, कटरबाजी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ऑन लाइन हथियार खरीदने वालों का तीन माह का रिकार्ड मंगाया गया है।अपराधियों के बारे में जानकारी मिलने पर उनकी जमानत हमेशा के लिए निरस्त कराया जाएगा। -जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग

# विभागीय गलती का खामियाजा भुगत रहे 533 बांडेड डॉक्टर

**69 हजार के बजाय 55 हजार वेतन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पदस्थापना के दौरान विभागीय त्रुटि की वजह से 69 हजार के बजाए 55 हजार वेतन वाले नियम के साथ जारी आदेश का खामियाजा 533 बांडेड डॉक्टर झेल रहे हैं। त्रुटि सुधरवाने के लिए वे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक आदेश को संशोधित नहीं किया गया है। बांडेड डॉक्टरों के प्रतिनिधि पिछले दो दिन से यूडीएफए के बैनर तले स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्हें आश्वासन तो मिल रहा है, मगर त्रुटि सुधार का आदेश जारी नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, काफी इंतजार के बाद वर्ष 2018 बैच के चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। इसमें विभागीय त्रुटि हुई और पुराने नियम का उल्लेख था, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ किए जाने वाले डॉक्टरों को 55 हजार वेतन दिए जाने का जिक्र था, जबकि शासन द्वारा वर्ष 2023 में चिकित्सा अधिकारियों का मानदेय बढ़ाकर 69 हजार कर दिया गया था। प्रारंभ में ही इस त्रुटि से अधिकारियों को अवगत कराया गया, मगर अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है और चिकित्सा अधिकारी अपना वास्तविक वेतन पाने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय के गलियारों में भटक रहे हैं।

### हर माह 13 हजार कम वेतन

इस मामले में यूनाइटेड डॉक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि विभागीय गलती की वजह से प्रत्येक डॉक्टर को हर माह 13 हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी तरह का ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है। आने वाले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

**प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा**

# ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने मंगलवार को रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के दौरान कहा कि 14 ग्राम पंचायतों, एक नगर पंचायत, रायपुर नगर निगम के 15 वार्डों और बिरगांव नगर निगम सहित औद्योगिक क्षेत्र को समेटे हुए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र शहर के चारों ओर फैला हुआ है। यहां समस्याएं अनंत हैं और सबकी नजरें ग्रामीण क्षेत्र पर टिकी हुई हैं। यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी की कमी है। हमने यहां के लोगों की छोटी-छोटी जरूरत वाले निर्माण कार्यों के लिए 50 करोड़ स्वीकृत कराए हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मोतीलाल साहू ने मीडिया से चर्चा में कई सवालों के जवाब दिए।

- रायपुर शहर का तेजी से विस्तार हुआ है, क्या इसे महानगर पालिका बनाने की जरूरत है?
- इस प्रश्न के जवाब में श्री साहू ने कहा कि रायपुर शहर को महानगर पालिका बनाने की जरूरत है या नहीं, यह काम मेयर इन कौंसिल और सरकार के हिसाब से होगा। यहां बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। घनी आबादी वाले शहर में ड्रेनेज की समस्या एक अरसे से रही है। शहर के कुछ इलाकों में सफाई की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। प्रशासन को इससे अवगत कराया है।

***उपहार में मिले 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन***

- *रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन उन्हें उपहार के रूप में मिले हैं। इससे लोग परेशान हैं। हमने सर्वे कराया है, अस्थायी विद्युत कनेक्शन की समस्या को दूर करना होगा। साथ ही शहर में झूलते तारों के जाल से मुक्त कैसे हों, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है।*
- ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनने के बाद 3 साल बाद भी लोगों के यहां इंटर कनेक्शन नहीं हुआ है, टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है?
- इस सवाल के जवाब में विधायक श्री साहू ने कहा, पानी की समस्या दूर करने नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। बहुत जल्द ही इस पर काम किया जाएगा। मेरे संज्ञान में यह बात है, हम कोशिश करेंगे कि लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी से लोगों को जल्द ही पानी मिले।

**एक भी सांसद अब तक नहीं पहुंचा अपने लक्ष्य के करीब**

# 54 में चार विधायक ही भाजपा के दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में एक माह का समय होने वाला है। इस समय में सांसद और विधायकों को दिया गया लक्ष्य प्राप्त करने में इनका पसीना छूट रहा है। अब तक महज चार विधायक ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। जहां तक सांसदों का सवाल है, तो एक भी सांसद अपने लक्ष्य का 50 फीसदी आंकड़ा भी नहीं छू सका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादातर विधायक और सांसदों अभी कोसों दूर हैं।



### इन विधायकों के रिकॉर्ड सदस्य

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 27 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 13 हजार के आस-पास हैं, वहीं नवागढ़ विधायक तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने करीब 12 हजार सदस्य बना लिए हैं।

### रथयात्रा निकालकर 5 लाख नए सदस्य बनाएगा भाजयुमो

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा, सदस्यता अभियान के पहले चरण में हमारे मोर्चा ने लगभग 2.50 लाख सदस्य बनाने का काम किया है। भाजयुमो द्वितीय चरण में रथयात्रा निकालकर पांच लाख नए सदस्य बनाने का काम करेगा। इसके लिए सभी का जिम्मा तय किया गया है। 4 से 11 अक्टूबर के बीच पूरे प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से विकासखण्डों में जाकर शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट-बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को सदस्य बनाएंगे। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री भगत ने बताया, यह यात्रा प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों से प्रारंभ होगी। प्रत्येक रथ के साथ प्रदेश व जिला स्तर की 10 सदस्यों की टोली 8 दिनों तक सभी जगहों पर जाकर सदस्यता अभियान चलाएगी। इसी क्रम में सभी रथयात्राओं को स्थानीय भाजपा के सभी बड़े नेता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी पांच संभागों में 20 यात्राएं निकल रही हैं। श्री भगत ने बताया कि रथयात्रा के दौरान प्रत्येक दिन एक बड़ा कार्यक्रम रखा जाएगा और प्रतिदिन यात्रा में 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

# प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने मंत्रालय में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता एसव्ही भागवत, केएस गुरूवर, एसके टीकम, डीके उमेरकर, आरके इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कुनकुरी में खुलेगा ईई जल संसाधन कार्यालय

बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यावसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

**संचालनालय ने दिया रीव्यू डीपीसी कराने का आदेश**

# सीनियर को किनारे कर जूनियर प्रमोट, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा लिपिकों की डीपीसी कर वर्ष 2023 एवं 2024 में सीनियर लिपिकों को मौका दिए बगैर जूनियर लिपिक को पदोन्नति आदेश जारी किया गया। मामले की शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय को किए जाने पर मामले की जांच में इसे सही पाया गया। संचालनालय ने नियमानुसार रीव्यू डीपीसी करने का आदेश संभागीय संयुक्त संचालक को दिया है। पदोन्नति के लिए जो पदांकन सूची बनाई गई थी, उसमें ही गलत जानकारी दिए जाने से पदोन्नति में बड़ा खेल हुआ है। पूरा मामला अपने लोगों को लाभ पहुंचाने का है।

- **मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए**





जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के बाद अप्रैल 2023 में पदोन्नति का आदेश जारी किया गया। आदेश जारी होने के बाद लिपिकों ने इस संबंध लोक शिक्षण संचालनालय को शिकायत की। शिकायत की जांच तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। जांच में यह पाया गया कि डीपीसी के पदांकन में जानबूझ कर गलत जानकारी दी गई और कई तथ्यों को छिपाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर डीईओ और उनके कार्यालय में स्थापना शाखा के प्रभारी लिपिक को इसका जिम्मेदार माना गया। मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए गए हैं।

### पोस्टिंग और पदांकन निरस्त करें

मामले में शिकायत करने वाले लिपिकों का कहना है कि रीव्यू डीपीसी से इसका कोई हल नहीं निकलेगा। उन्होंने मांग की है कि पदोन्नति के बाद जो पदास्थपना है, उसे निरस्त कर पदांकन सूची नए सिरे से बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहिए। उनकी मांग है कि जिन लोगों पर आरोप लगा है, उनको इससे अलग रखकर पूरी प्रक्रिया संचालनालय की देखरेख में होना चाहिए।

### डीईओ जायसवाल और लिपिक को नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के लिए तैयार की गई पदांकन सूची में गड़बड़ी की गई। मामले में चंद्रप्रकाश साहू स्थापना शाखा में पदस्थ थे। बनाई गई पदांकन सूची में तथ्यों को छिपाते हुए नियम विरुद्ध पदोन्नति में लापरवाही और अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया। वहीं डीईओ अभय जायसवाल को अप्रैल 2023 में नियम विरुद्ध डीपीसी कराकर पदोन्नति में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। संचालनालय ने 26 सितंबर को पत्र जारी करते हुए दोनों से जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि अभय जायसवाल राजनांदगांव में डीईओ पदस्थ थे। वहां एक छात्रा को शिकायत करने पर धमकी देने के आरोप में वहां से हटाया गया था।

खबर संक्षेप

## बैज को धान से तौलकर किया अभिनंदन



**रायपुर।** लगातार बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यवस्था, महिलाओं की असुरक्षा और हिंसक घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस की ओर से निकाली गई न्याय यात्रा मंगलवार को दोंदे पहुंची। इस न्याय यात्रा में लोहारीडीह हत्याकांड के पीड़ित परिवार पहुंचे और न्याय की मांग की। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को धान से तौलकर अभिनंदन किया। साथ ही सारागांव में 10 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर श्री वर्मा ने बताया कि मंच पर छत्तीसगढ़ के किसानों, अन्नदाताओं को श्रमसेवा के प्रतीक धान से तौला गया। कार्यक्रम में धनेंद्र साहू, मोहन मरकाम, छाया वर्मा, अनिता शर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, पंकज शर्मा आदि शामिल रहे।

## नवरात्रि पर जिन मंदिरों में ज्यादा भीड़, वहां एंबुलेंस

**रायपुर।** नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में होने वाली भारी भीड़ के दौरान आपात व्यवस्था से निपटने स्वास्थ्य विभाग भी तैयारी में है। तमाम सीएमएचओ को आदेश जारी करने ज्यादा भीड़ वाले मंदिरों में एंबुलेंस और डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जारी आदेश में जिक्र किया गया है, स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने जिले में ऐसे स्थानों को चिन्हित करे, जहां नवरात्रि से लेकर विजयादशमी के बीच ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे स्थानों पर आवश्यकता के हिसाब से एंबुलेंस और डॉक्टरों की तैनाती की जाए। इसके अलावा जरूरी दवाओं के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की व्यवस्था भी वहां की जाएगी।

## सोहागा मंदिर को दी पांच लाख रुपए की दान राशि

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर प्रांगण में बन रही धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए पांच लाख रुपए की दान राशि मंदिर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की गई है। यह दान राशि ब्राह्मणपारा निवासी तिल्दाडीह वाले स्व. चंद्रिका प्रसाद पांडेय की स्मृति में पत्नी कांति बाई पांडेय निवासी सुंदरनगर ने दी है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने सहयोग राशि के लिए ट्रस्ट कमेटी कांति बाई पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन की कामना की है।

## बीजेपी सदस्यता महाभियान में महिला विंग बनी सदस्य

**रायपुर।** बीजेपी द्वारा सदस्यता महाभियान में मंगलवार को तेलीबांधा में बड़े पैमाने में महिलाओं ने सदस्यता ली। सभी ने अपने मोबाइल से नंबर डॉयल कर अपना प्रोफाइल डाटा भरा और बीजेपी की सदस्यता ली। इस महाभियान में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, तेलीबांधा मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, मधु बहादुर, कशिश खेमानी, रिया जयसिंघानी आदि शामिल हैं।

# सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, आधुनिक हथियार-उपकरण होंगे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन, आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन सहित कई आधुनिक हथियार एवं उपकरण आकर्षक का केंद्र होंगे। ब्रिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) ने कहा कि आम लोगों को भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का यह सुनहरा मौका है।

- युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेंगे

पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में ब्रिग्रेडियर ने कहा कि सशस्त्र सैन्य समारोह का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करना है। ब्रिग्रेडियर ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक-सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े-बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी।

### भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का सुनहरा मौका- ब्रिग्रेडियर आनंद

### खुखरी नृत्य की प्रस्तुति

समारोह में गेरनेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होगी। आयोजन के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा सशस्त्र बलों में शामिल होने युवाओं के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



### भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे युवा- कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से कौशल दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

### तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिलावट, गरबा सहित अन्य विषयों को लेकर प्रदर्शन

# विहिप ने सुभाष स्टेडियम से आंबेडकर चौक तक निकाली रैली, ज्ञापन लेने पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सर्व हिंदू समाज ने मठ - मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने, तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में हुई मिलावट की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने सहित अन्य विषयों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद ने रैली भी निकाली और सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंत्री केदार कश्यप ज्ञापन लेने पहुंचे, जिन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

- सड़क पर बैठकर सुना हनुमान चालीसा पाठ
- मठ मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने की मांग

राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम से अंबेडकर चौक तक विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली गई। इसमें प्रदेशभर के विभिन्न समाजों के लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में छत्तीसगढ़ के सर्व हिंदू समाज के प्रमुखों, मंदिर ट्रस्ट और अन्य प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार ने इस मौके पर कहा, तिरुपति बालाजी और देश के अन्य मंदिरों की पवित्रता के साथ हो रहे खिलवाड़ से हिंदू समाज बेहद आक्रोशित है। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से तुरंत मुक्त किया जाए और उनकी पवित्रता को पुनः स्थापित किया जाए। मंदिरों की संपत्ति का दुरुपयोग किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, यह आय केवल धार्मिक कार्यों में ही उपयोग में होनी चाहिए। रैली का संचालन विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा आंदोलन तिरुपति बालाजी मंदिर से शुरू हुआ है, लेकिन यह सिर्फ एक मंदिर का मुद्दा नहीं है। यह पूरे देश के हिंदू मंदिरों की पवित्रता और उनके संपत्ति के सही उपयोग की मांग है।

### हनुमान चालीसा पाठ, मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन

रैली के बाद सड़क पर बैठकर समाजजनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मंत्री केदार कश्यप ज्ञापन लेने पहुंचे। जिसे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। श्री कश्यप ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी सुना।

### मुख्य मांगें

- तिरुपति बालाजी मंदिर सहित देश के सभी सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों को तुरंत मुक्त किया जाए।
- मंदिरों की संपत्ति और आय का दुरूपयोग बंद हो और इसे धार्मिक कार्यों के लिए ही उपयोग किया जाए।
- मंदिरों का प्रबंधन संतों और हिंदू समाज के भक्तों के हाथ में सौंपा जाए।
- तिरुपति बालाजी मंदिर में महाप्रसाद में हुई मिलावट की घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# राशन दुकान संचालकों ने 6 सूत्रीय मांग को लेकर तूता में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 15 हजार राशन दुकान संचालकों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी धरना दिया। राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले संचालकों ने इलेक्ट्रिक वजन मशीन की गुणवत्ता में सुधार, राशन आवंटन में अनियमितता का समाधान, वित्तीय सहायता की समय पर उपलब्धता और मार्जिन मनी बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। राजधानी में राशन दुकान संचालकों के एक दिवसीय प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के बाद अब बुधवार से सेल्समैन ब्लाक, जिला और तहसील स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर रहेंगे। इससे खाद्य आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। विदित हो राशन दुकान संचालक इससे पहले भी अपनी लंबित मांगों के संबंध में मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों से बात कर चुके हैं। बीते दिनों संघ के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से मंगलवार को राजधानी में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के प्रति ध्यान दिलाया। राशन दुकान संचालकों के साथ ही मंगलवार को प्रदेश के सभी खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी ओर खाद्य अधिकारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे। 2 अक्टूबर को वे एक दिवसीय धरना देंगे। इनकी प्रमुख मांगों में खाद्य निरीक्षकों और सहायक खाद्य अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करने, सहायक संचालक के पद पर पदोन्नति और सीधी भर्ती के अनुपात को पूर्व की भांति किया जाना शामिल है।

- राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेश व्यापी धरना



### ...तो फिर करेंगे हड़ताल

राशन दुकान संचालकों को खाद्य मंत्री और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मांगों पर विचार कर उसे जल्द पूरा किया जाएगा। यदि माहभर के भीतर मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष पीडीएस राशन दुकान व विक्रेता कल्याण संघ रायपुर

## पेज 11 के शेष

### एथेनाल प्लांट बंद कराने ...

के प्रेरणा स्रोत बंदोपाध्याय, लक्ष्मीनारायण तिवारी, पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे विशेष रूप से उपस्थित होकर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाते रहे। बुधवार आंदोलन में प्रस्ताव पारित किया गया कि आज गुरुवार शासन और प्रशासन के व्यवहार से दुखी हो कर पूरे पुरुष सिर मुंडाएंगे। अजिताभ मिश्रा ने बताया ये आंदोलन एथेनाल की बदबू और जल प्रदूषण से कृषि को बचाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से बनाए गया गैर राजनीतिक, जाति धर्म से ऊपर उठ कर किसानों का शांति पूर्ण आंदोलन है। उन्होंने बताया कि धरना स्थल पर आगे छत्तीसगढ़ी खेल कूद का भी आयोजन किया जाएगा। आंदोलन के दसवें दिन हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सिविल सर्जन डॉ चुरेंद्र ..

उपलब्धि दर्शाता है जिला चिकित्सालय बेमेतरा के अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, सिविल सर्जन ऑफिस स्टाफ,विशेषज्ञ डॉक्टर,नर्सिंग स्टाफ,पैरामेडिकल स्टाफ वार्डब्याय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इनके साथ उपलब्धि में कदम से कदम मिला कर साथ दिए। डॉ संतराम चुरेंद्र के सेवानिवृत्त होने पर कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने कहा कि उनके चिकित्सा सेवा जीवन के चार दशक की सेवा का लाभ लोगों को मिलता रहेगा।

### छोटी यात्री बस संचालकों ...

लेकिन इस इलेक्ट्रिक सिटी बस को उस रूट में न चलाई जाए जहां पर पूर्व से वाहन संचालित हो रही हैं। इस इलेक्ट्रिक सिटी बस को नगर निगम सीमा के अंदर ही संचालित की जाए, जिससे कि यात्रियों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सके और साथ ही पूर्व में संचालित मिनी बस वालों का व्यापार जो छोटी दूरी में अपनी वाहनों का संचालन कई वर्षों से कर रहे हैं, उनका भी कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, ताकि उनके सामने भी रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न ना हो। आगे बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पूर्व में संभागस्तर काम को एक जगह इकट्ठा करके एकल प्राधिकार बना दिया गया है जो कि बिल्कुल भी गलत है। आज रायपुर इंद्रावती भवन में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग परमिट रिनुअल प्रतिस्थापन लीज नए परमिट और वाहन के परमिट से संबंधित सभी प्रकार की समस्याएं के आवेदन को जमा करने आते हैं, जिससे कि लोगों का बहुत अधिक समय और पैसा खर्च भी होता है। पूर्व में यह कार्य संभाग स्तर पर किया जाता था, उसको वापस संभाग स्तर पर ही कराया जाए। केवल नए परमिट की सुनवाई इंद्रावती भवन में रखी जाए, जिससे कि लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होने से बच सके। इस प्रकार से पूर्व में सभी गाड़ियों को स्पेयर परमिट दिया जाता था, किंतु कुछ दिनों से पांच परमिट पर ही एक गाड़ी को स्पेयर परमिट दिया जाता है, यह प्रथा बंद होनी चाहिए। जिसके पास पांच या पांच से अधिक परमिट है उसमें यह कंडीशन लगाना चाहिए। साथ ही जिसके पास पांच या पांच से कम परमिट है, उसको एक स्पेयर परमिट मिलना चाहिए, ताकि यात्रियों को सुविधा प्रतिदिन सुचारू रूप से मिलती रहे। अभी वर्तमान में केंद्र के द्वारा नेशनल परमिट दिया गया है, जिसका छत्तीसगढ़ में लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। साथ ही 88/8 परमिट का भी लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। यह दोनों परमिट में लोग अपनी गाड़ी का संचालन करके दिन में चलने वाली लोकल गाड़ियों की सवारी को जगह-जगह उठाकर ले जा रहे हैं, जिससे कि दिन में जो यात्री वाहन छत्तीसगढ़ के अंदर संचालित हो रही है, उनके साथ रोज वाद विवाद की स्थिति पैदा हो रही है कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। इसलिए दोनों परमिट में चलने वाले गाड़ियों को रात्रि 9 बजे के बाद अपने गंतव्य से छुड़ाई जाए और सुबह 6 बजे के पहले अपने गंतव्य में पहुंचने के लिए निर्देशित किया जाए।

# कार से 40 किलो गांजा बरामद, खरीदार सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा की बड़ी खेप पकड़ी गई है। यह खेप ओडिशा से रायपुर में बिक्री के लिए लाई गई थी। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के राधास्वामी नगर से एक कार से 40 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत साढ़े 12 लाख रुपए आंकी गई है। इस कार में चार लोग सवार थे, जिनमें तीन तस्कर एवं एक खरीदार था। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार किया है।

- घेराबंदी कर कार को चिन्हांकित कर पकड़ा

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 30 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि राधास्वामी नगर में एक निर्माणाधीन मकान के पास खड़ी एक कार में गांजा लाया गया है।



पुलिस की टीम इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार को चिन्हांकित कर पकड़ा। जिस समय कार को पकड़ा गया, उसमें चार लोग सवार थे। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो एक चैंबर में गांजा से भरे 30 से ज्यादा पैकेट पाए गए, जिसकी बाजार कीमत 12 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें संतोष साहू 33 वर्ष मूलतः ग्राम परतेवा थाना राजिम हाल में मठपारा कचना रायपुर, ईतवारी नागरची 20 वर्ष निवासी सत्यम नगर सोसाइटी के पास कचना रायपुर, तुलेश्वर साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम परतेवा राजिम तथा नीरज ताम्रकार 31 वर्ष नारायण गंज थाना टिकरिया जिला मण्डला मध्यप्रदेश का निवासी है।

### ओडिशा से लाया गया था गांजा

पुलिस पूछताछ में आरोपी संतोष ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लाकर रायपुर में सप्लाई कराता है। इस काम में उसकी मदद तुलेश्वर और इतवारी करते हैं। उसने बताया कि गांजा वह नीरज को सप्लाई करता है। नीरज की डिमांड पर ही 40 किलो गांजा वह और उसके साथी ओडिशा से लेकर यहां पहुंचे थे। पुलिस इस मामले में चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# दिल्ली में छत्तीसगढ़ के युवाओं के यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ीं, वित्त ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। युवा उत्थान योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को दिल्ली में रहकर निशुल्क यूपीएससी कोचिंग की सुविधा दी जाती है। युवाओं के रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाती है। पूर्व में ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 50 नए और 15 रिपीटर बैच को यह सुविधा मिल रही थी। अब इस योजना में 135 सीटों की वृद्धि के बाद कुल 200 युवाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी। ट्रायबल यूथ हॉस्टल के अलावा अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कोचिंग संस्थाओं के निकट आवासीय व्यवस्था भी कर सकेंगे। कोचिंग शुल्क के तहत अंग्रेजी माध्यम के लिए 2 लाख रुपए और हिन्दी माध्यम के लिए 1.5 लाख रुपए निर्धारित हैं।

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree n Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree n Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

## एकाउंटेंट ने साथियों से मिलकर फर्म को लगाया साढ़े तीन करोड़ का चूना

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित एक फर्म से एकाउंटेंट द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए का गबन करने का मामला सामने आया है। इस मामले में एकाउंटेंट ने जिस व्यक्ति के साथ मिलकर फर्म को चूना लगाया है, उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। देवेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, प्रार्थी दशरथ कुकरेजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवेंद्र नगर में उसकी गोपाला इंटरप्राइजेस नाम से फर्म है, जिसकी प्रोपराइटर उसकी पत्नी हैं। प्रार्थी ने बताया कि उसकी फर्म कच्चे माल का क्रय-विक्रय करती है। प्रार्थी की बालाजी इस्पात के नाम पर एक और फर्म है, जहां आरोपी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एकाउंटेंट के पद पर कार्य करता था। बीच में उसकी पत्नी का स्वास्थ्य खराब हो गया, जिसके कारण एकाउंटेंट के कहने पर पत्नी के व्यवसाय में सहयोग करने के लिए फर्म का प्रतिनिधि नियुक्त किया था।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मुरकी में मनाई गई गांधी जयंती

**दाढ़ी।** ग्राम पंचायत मुरकी के ग्राम पंचायत भवन में बुधवार को महात्मा गांधी जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम पंचायत के मुखिया बबीता निषाद ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। फिर वार्डवासियों एवं पंचों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद सरपंच बबीता ने साथ में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी के देश के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने स्वच्छता के बारे में लोगों को बताया और शपथ दिलाई। सचिव रोहित साहू सरपंच बबीता निषाद और आवास मित्र मोनिका बंजारे ने आवास के हितग्राही का भूमि पूजन कर एवं पूर्व में पूर्ण हो चुके आवास का हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर टीकम बंजारे हेमंत बंजारे जितेंद्र कोसले शंकर लाल कुरै सुशील कुर्रे कृष्णा रवि साहू सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### मोंहदीपाठ में मनाई गई गांधी जयंती

**बालोद/निकुम।** ग्राम मोंहदीपाठ के वार्ड क्रमाक 02 में आजादी के पर्व पर ग्राम के बुर्जुगों ने लकड़ी का स्तंभ रखा है। वहीं, बीते 2018 में महात्मा गांधी प्रतिमा रखी गई है, जिसमें सभी ग्रामीण मिलकर बड़े धूमधाम से गांधी जयंती मनाकर पूजा, अर्चना कर प्रसाद वितरण करते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक भावसिंह देवांगन ने कहा कि सब मिलकर संकल्प लेते हैं कि स्वच्छ गांव व स्वच्छ गांव बनाएंगे।


### विधायक व आयुक्त ने किया श्रमदान

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में लगातार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सुराना कालेज परिसर की सफाई की गई। विधायक गजेंद्र यादव ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित विधार्थियों के साथ कॉलेज परिसर में हाथ में फावड़ा लेकर श्रमदान करते हुए अनावश्यक घास काटा और लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया गया है।

## निधन

### दाऊ रामस्वरूप सिंह राजपूत

**थान खम्हरिया।** समीप ग्राम गोरखपुर खुर्द निवासी रामस्वरूप राजपूत का निधन हो गया। वे श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के



संरक्षक थे। उन्हें रामचरितमानस का अच्छा अनुभव ज्ञान था। आसपास ग्रामीण अंचल में ख्याति प्राप्त थी। श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के सदस्यों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया, काशी अग्रवाल, लीलाधर चंद्राकर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मोरजध्वज साहू, चंद्रशेखर साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## आयोजन : जिला मुख्यालय सहित जगह-जगह हुए विविध कार्यक्रम

# महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता चैंपियंस और स्वच्छाग्रही दीदियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आयोजित स्वच्छ भारत दिवस और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, 2024 का समापन बेमेतरा में भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता चैंपियंस और स्वच्छाग्रही दीदियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसके साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। बच्चों ने नृत्य, नाटक और गीतों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। उनकी प्रस्तुतियों में देशभक्ति के गीत, पारंपरिक नृत्य और स्वच्छता पर आधारित प्रेरणादायक नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि स्वच्छता के संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। वहीं, नवागढ़ के शिक्षक एवं शिक्षकों ने भी स्वच्छता पर अपनी प्रस्तुति दी। उपस्थित लोगों से खूब तालियाँ बटोरी।

कार्यक्रम के दौरान,मुख्य अतिथि विधायक बेमेतरा दीपेश साहू सहित विधायक साजा ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू,ज़िला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू,ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,श्री ओम स्वच्छता चैंपियंस और स्वच्छाग्रही दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज़िला पंचायत अध्यक्ष और अन्य गणमान्य ने मिलकर इन लोगों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह सम्मान उनके द्वारा किए गए निस्वार्थ सेवाकार्य के प्रति समाज की ओर से आभार है।




### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक किया जिम्मेदारी लेने का आह्वान

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही और लोगों से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी साफ-सफाई और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। वहीं, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, ओमप्रकाश जोशी और राजेंद्र शर्मा ने भी अपने संबोधन में स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुनील झा ने किया।समापन पर सभी अतिथियों ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की और नागरिकों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से स्वच्छता अभियानों में भाग लें, ताकि समाज और देश को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

### कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी ने मोह लिया मन

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा स्कूल के बच्चों द्वारा लगाई गई कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी। बच्चों ने कचरे से बनाए गए उपयोगी और आकर्षक उत्पाद प्रदर्शित किए, जिसने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इन नवाचारी प्रदर्शनों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति नई दृष्टिकोण को जन्म दिया। साथ ही, विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

### मुख्य अतिथि दीपेश ने दिया स्वच्छता का संदेश

मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुआ था और आज महात्मा गांधी जी की जयंती पर इसका समापन हो रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता का यह प्रयास किसी पखवाड़े तक सीमित नहीं होना चाहिए। हम सभी को अपने घरों, गली-मोहल्लों और आस-पास के क्षेत्रों को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने श्रमदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई की

**बेमेतरा।** 17 सितम्बर से प्रारंभ स्वच्छता पखवाड़ा का 2 अक्टूबर को समापन हुआ। पखवाड़े भर सेवा के विभिन्न कार्यक्रम चलाये गए। 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन महात्मा गांधी के जयंती पर भाजपा महिला मोर्चा ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ श्रीराम मंदिर प्रांगण में स्थित गांधी जी की मूर्ति की सफाई की। उसके बाद माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही नवरात्रि पर्व व भद्रकाली महोत्सव को देखते हुए पूरे बाजार की साफ सफाई की गई। नवीन बाजार को व्यवस्थित करने का कार्य प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सेवा पखवाड़ा के प्रभारी विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, राजेन्द्र शर्मा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, ललिता साहू जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचू साहू, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली, पार्षद नीतू कोठारी सजनी यादव लक्ष्मी यशवंत लहरे साधेलाल बघेल विजय सुखवानी पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, रीना साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांधी चौक में हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसजनों व नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों व स्कूली विद्यार्थियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधी चौक में आयोजित प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मौन श्रद्धांजलि दी। वहीं, बच्चों ने सर्व धर्म प्रार्थना सभा में हिस्सा देकर प्रातः स्मरण, सरस्वती वंदना, गुरू महिमा, रामधुन, नामधुन, शांति पाठ, मौन प्रार्थना, प्रभाती तथा झंडा गान प्रस्तुत कर देश के महान सपूतों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अधिवक्ता हरिशरण क्षत्रीय ने कहा कि महापरूषों की जीवनी हमारे लिए प्रेरणादायक होती है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि महात्मा गांधी की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम को डॉ गोविन्द शर्मा ने भी संबोधित किया।

## लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाई गई गांधी जयंती




**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी घटनाओं एवं स्वतंत्रता आंदोलन की रोचक कहानियों को छात्राओं से साझा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र स्वच्छ भारत अभियान विषय था जो कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्वप्न था। कार्यक्रम में बापू के प्रिय भजनों का गायन विद्यार्थियों ने किया। प्राचार्या डॉ विनिता गौतम ने छात्राओं को गांधी जी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन पथ में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन दीनानाथ सारथी एवं डॉ मेघा तिवारी ने किया।

## स्वच्छता दीदियों व प्रतियोगिता के विजेताओं का किया गया सम्मान



**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। सैनिटेशन संबंधी कार्य में कार्यरत सफाई मित्रों, डोर टू डोर कलेक्शन में कार्यरत स्वच्छता दीदियों स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं स्वच्छता ही सेवा इंटर स्कूल प्रतियोगिता में चित्रकला, रंगोली, मैराथन, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गय। कार्यक्रम में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता, उपाध्यक्ष, समस्त कर्मचारी, निकाय के सफाई कामगार, स्वच्छता दीदियां, सफाई मित्र, विभिन्न स्कूलो के छात्र-छात्राएं तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गांधी जयंती पर नवागढ़ थाने में चला स्वच्छता अभियान



**नवागढ़।** पुलिस थाना नवागढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर थाने के सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे सैकड़ों युवक एवं युवतियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस पहल की प्रशंसा नवागढ़ थाना प्रभारी भुनेश्वर यादव ने की और सभी को बधाई दी।

स्वच्छता अभियान में राज आटिल, भोलाराम साहू, रविकांत चंद्रवंशी, चंद्रेश जोशी, हीरा लाल, फिरोज साहू, ओमप्रकाश मनोहर, अजय बंजारे सहित उड़ान एकेडमी नवागढ़ के सैकड़ों युवा शामिल हुए।

## कोबिया हाईस्कूल में मनाई गई गांधी व शास्त्री जी की जयंती



**बेमेतरा।** 17 सितंबर से जारी स्वच्छता पखवाड़ा का 2 अक्टूबर को समापन हुआ। इस अवसर पर गांधी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती का आयोजन किया गया। नेहरू एवं युवा केंद्र पीजी कॉलेज कोबिया(बेमेतरा) के छात्र-छात्राओं और कोबिया हाईस्कूल के बच्चों एवं स्वामी विवेकानंद युवा मंडल द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। शपथ समारोह, गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करके सभी ने गांधी जयंती मनाई। इस अवसर पर हाईस्कूल अध्यक्ष टेकसिंह वर्मा(राकेश), प्राचार्य अवन कुमार जांगड़े, शिक्षक संजय शर्मा, सुष्मिता ठाकुर, सहायक ग्रेड 2 जितेंद्र मिश्रा, स्वामी विवेकानंद युवा मंडल प्रमुख मनीष वर्मा, मनीष साहू, हर्षा शर्मा, शिवम रात्रे सहित सभी स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत आंदु में पीएम आवास के हितग्राहियों को कराया गृहप्रवेश

**बेमेतरा/नवागढ़।** ग्राम पंचायत आंदु में महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई। साथ ही महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली।

- गांधी जयंती पर ग्रामसभा कर निकाली गई स्वच्छता जागरुकता रैली

ग्राम सभा की शुरुआत गांधी जी के छायाचित्र की पूजा कर सरपंच संजय जोशी ने की। स्वच्छता जागरूकता रैली में गांधी जी के स्वच्छता ही सेवा के संकल्प को साकार करने ग्रामीणों ने शपथ ली। इस अवसर पर सरपंच सहित ग्राम पंचायत सचिव शकुंतला मांडले, सहायक सचिव अशोक ध्रुव, आवास मित्र ईश्वरी चंद्राकर, पंच मनोज डेहरे, सक्रिय महिला सरस्वती कुर्रे, पुशन बाई, आसमति , चमेली जोशी, अनीता जोशी अन्य शामिल रहे। प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन इस दौरान सरपंच संजय जोशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही प्यारी देवनाथ यादव के यहां आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही पूर्ण निर्मित हो चुके प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। स्वच्छता व मताधिकार की शपथ दिलाई ग्रामसभा में उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता व मताधिकार का सही प्रयोग कर लोकतंत्र ने अपनी महवपूर्ण भागीदारी निभाने शपथ दिलाई गई।



## चोरी की दो ट्रैक्टर ट्राली बरामद, दो आरोपी पकड़ाए

**बेमेतरा।** थाना चंदनू अंतर्गत चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चंदनू पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गई दो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त करने के साथ ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल परषोत्तम पाल पिता जनक पाल उम्र 38 साल निवासी खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 सितंबर की रात्रि कोई अज्ञात आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चोरी कर ले गया है।

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में उमाशंकर देवांगन उम्र 51 साल निवासी भदराली ने 10 अगस्त को भदराली में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने की रिपोर्ट लिखाई थी। पतासाजी के दौरान संदेही अनिल ऊर्फ अमन सोनवानी से उक्त दोनों प्रकरणों के संबंध में पूछताछ करने पर उसने दुर्गेश सोनवानी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशादेही पर चोरी गये दोनों ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। प्रकरण में आरोपी अनील ऊर्फ अमन सोनवानी पिता भगतराम सोनवानी उम्र 29 साल एवं दुर्गेश सोनवानी पिता भगवत सोनवानी उम्र 19 साल दोनो निवासी एरमशाही चौकी मारो को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया।



## राजस्थान के जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

# डॉ निर्वाणी को प्रदान किया गया ग्लोबल एक्सीलेंस डिफेंडर ऑफ राइट्स अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंडियन इंस्टीटूट आफ ह्यूमन राइट्स नई दिल्ली में लिखे शोध के आधार पर छत्तीसगढ़ के सामाजिक मानव अधिकार कार्यकर्ता डॉ सौरभ निर्वाणी को राजस्थान जयपुर के चोमू पैलेस में हुए समारोह में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच वन सी मीडिया द्वारा ग्लोबल एक्सीलेंस डिफेंडर ऑफ राइट्स अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान दुबैंके शेख हैतम, शेख अलतायब, वन सी मीडिया के डायरेक्टर कोल्लरू श्री राम मूर्ती, सीईओ वामसी अंदुकुरी, भारत के प्रबंधन प्रमुख सुरेश जगवानी, देव तनु की उपस्थिति में दिया गया। डॉ सौरभ निर्वाणी को यह सम्मान उन्हें जेल में लंबे समय से निरुद्ध कैदियों के परिवार जनों, बच्चों और पत्नी पर होने वाले दीर्घकालिक प्रभाव के संबंध में शोध और सुझाव के लिए दिया गया। इंजिनयरिंग से स्नातक डॉ सौरभ निर्वाणी ने सोशल मीडिया का सामाजिक और राजनैतिक दलों में प्रभाव विषय पर अपनी पीएचडी पूरी की है। डॉ सौरभ निर्वाणी के पिता हृदयनारायण निर्वाणी जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक पृष्ठभूमि से आते हैं। आपात काल के दौरान 9 महीनों तक जेल में बंद रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जनरल्स में प्रकाशित डॉ निर्वाणी के शोध और सुझाव को सराहा गया है। डॉ निर्वाणी की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल सहित इष्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

